वचन



एक चूहा दौड़ रहा है।

तीन बच्चे झूला झूल रहे हैं।

चार गुब्बारे आसमान में उड़ रहे हैं।



आसमान में पतंग उड़ रही है।

सड़क पर कार जा रही है।

आसमान में तारे चमक रहे हैं।

ऊपर दिए गए चित्रों में एक चूहा, तीन बच्चे तथा, चार गुब्बारे, एक पतंग, एक कार तथा बहुत से तारे दिखाई दे रहे हैं। चित्र से उनकी संख्या के बारे में पता चलता है। संख्या के विषय में बताने वाले शब्द **वचन** कहलाते हैं। इस तरह वस्तु या प्राणी के एक या अनेक होने की जानकारी हमें वचन के द्‌वारा मिलती है।

आइए, वचन की परिभाषा दोहराएँ।

एक या संख्या में उससे अधिक होने के विषय में बताने वाले शब्द **वचन** कहलाते हैं।

इस प्रकार 'वचन' शब्द का वह रूप है, जिससे उसकी संख्या के एक या अनेक होने का पता चलता है।

Scanned by CamScanner

ए, अब वचन परिवर्तन के नियमों के बारे में जानें।

ा' से समाप्त होने वाले शब्दों के अंत में 'ए' की मात्रा जोड़कर बहुवचन शब्द बनाए जाते हैं।

बच्चा	–	बच्चे	घोड़ा	–	घोड़े
झंडा	–	झंडे	जूता	–	जूते
पंखा	–	पंखे	केला	–	केले
पौधा	–	पौधे	गधा	–	गधे
छत्ता	–	छत्ते	कमरा	–	कमरे
पत्ता	–	पत्ते	गुब्बारा	–	गुब्बारे
तारा	–	तारे	संतरा	–	संतरे
बेटा	–	बेटे	चूहा	–	चूहे
कपड़ा	–	कपड़े	मुरगा	–	मुरगे
बगुला	–	बगुले	मटका	–	मटके
रिक्शा	–	रिक्शे	गमला	–	गमले
झूला	–	झूले	समोसा	–	समोसे
थैला	–	थैले	तिनका	–	तिनके
तोता	–	तोते	बगीचा	–	बगीचे
खिलौना	–	खिलौने	पपीता	–	पपीते

Scanned by CamScanner

अभ्यास 2

क. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर लिखिए कि उसमें आए व्यक्ति, वस्तु या प्राणी एकवचन हैं या बहुवचन।





______________________ ______________________ ______________________





______________________ ______________________ ______________________

ख. दी गई आकृति में से एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को छाँटकर अलग-अलग लिखिए।

बगुला तोते रिक्शे जूता पौधे

झंडा झूले पत्ते थैला पंखा

Scanned by CamScanner

अपने से बड़े तथा आदरणीय व्यक्तियों को आदर देने के लिए हमेशा बहुवचन का प्रयोग करते हैं।

जैसे – पिताजी आ गए हैं।

शिक्षिका पढ़ा रही हैं।

दादाजी समाचार सुन रहे हैं।

प्रधानाचार्य भाषण दे रहे हैं।

चाचा जी गाना गा रहे हैं।

अपना बड़प्पन या अपने को बड़ा दिखाने (दर्शाने) के लिए कुछ लोग 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करते हैं:-

क्या हम यह ले सकते हैं ?

हम घर जा रहे हैं।

हम काम कर रहे हैं।

अभ्यास 3

वाक्यों को पूरा कीजिए।

क. पापा खाना खा ______

ख. बच्चे खेल ______

ग. एक हाथी दौड़ ______

घ. हम अपना कार्य स्वयं ______

ङ. राहुल आ ______

च. पंडित जी पूजा ______

Scanned by CamScanner